nt>

Title: Need to construct an overbridge at Kotdwar Railway Station in Uttaranchal. − Laid.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूडी (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद पौड़ी गढ़वाल में मात्र एक रेलवे स्टेशन कोटद्वार नामक स्थान पर है। इस स्टेशन के एक तरफ अल्पसंख्यकों की घनी आबादी है और दूसरी तरफ शहर है। बस्ती के लोगों को रेलवे लाइन पार करने के लिए कोई(पैदल ऊपरगामी पुल) ओवरब्रिज की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण असुविधा तो होती ही है, लेकिन साथ साथ जान-माल का भी खतरा रहता है। इस बस्ती के लोगों की बहुत लंबे समय से मांग है कि कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पास एक फुट ओवरब्रिज बनाया जाये।

मेरा सरकार से आग्रह है कि इस पर तुरन्त धन स्वीकृत करवाने की कृपा करें।

कोटद्वार रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन घोोित किया था लेकिन इस पर भी कार्यवाही बहुत धीमी गति से चल रही है। इस पर भी कार्यवाही करने की कृपा करें।